कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी
अग्निशमन विभाग, नगर निगम, अजमेर

आजाद पार्क के पास अजमेर दूरभाष नं. 0145– 2429000 / 101

क्रमांक :– अग्नि / 2022–23 / 214 दिनांक :– 22-9-2

मेयो कॉलेज
अजमेर।

विषय :– अग्निशमन अभिशंषा पत्र हेतु अग्निशमन की दृष्टि से भवन / परिसर में स्थापित यंत्र / उपकरण निरीक्षण बाबत।

संदर्भ : आपका प्रार्थना पत्र के क्रम में।

उपरोक्त प्रासंगिक पत्र के विषयान्तर्गत आपके मेयो कॉलेज अजमेर का अग्निशमन की दृष्टि से मौका निरीक्षण करवाया गया। निरीक्षण के दौरान भवन / परिसर में स्थापित की गई अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था यंत्र / उपकरणो, फायर एक्सटिंग्युशर आदि सही व कार्यशील अवस्था में पाये गये। भविष्य हेतू भी इन्हे निर्देशित की गई अन्य व्यवस्था यथा फायर हाइड्रेण्ट होज़रील, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म आदि लगवा कर इन्हें सदैव सही व कार्यशील अवस्था में रखे जाने के लिए निर्देशित किया गया इस विभाग द्वारा पूर्व में जारी किए नवीनीकरण प्रमाण – पत्र 536 दिनांक 19.03.2020 का नवीनीकरण किया जाकर अग्निशमन की दृष्टि से यह अभिशंषा पत्र जारी किया जाता है जो कि दिनांक 31.03.2023 तक मान्य रहेगा।

1. भवन में उपयुक्त निकासी व्यवस्था सदैव रखी जावे।
2. भवन में अग्निशमन हेतु पानी भंडारण की समुचित व्यवस्था सदैव रखी जावे।
3. कॉलेज परिसर में उपयुक्त फायर एक्टींग्यूसर व पानी का भंडारण पंपिंग सुविधा पाई गई। पम्पिंग यूनिट को सदैव कार्यशील अवस्था में रखा जाना होगा।
4. भवन की गृह व्यवस्था उच्च स्तरीय रखनी होगी।
5. सुरक्षा स्टाफ का समय समय पर प्रशिक्षण / सुरक्षा उपकरणों का परिक्षण किया जाकर उसका रिकॉर्ड संधारण तथा समस्त फायर एक्टींग्यूशर, होजरील का समय पर रख–रखाव किया जाकर कार्यशील अवस्था में रखा जाना होगा।
6. कॉलेज परिसर में अनावश्यक व अनुपयोगी अत्यंत ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण नहीं किया जाएगा।
7. बिना अनुमति भवन व परिसर में किसी प्रकार का निर्माण नहीं किया जाएगा।
8. उक्त अग्निशमन अभिशंषा प्रमाण पत्र केवल अग्निशमन दृष्टिकोण से ही मान्य होगा।
9. एन.बी.सी. के नियमों की पालना करनी होगी।
10. कॉलेज परिसर में की गयी अग्निशमन व्यवस्थाओं का अग्निशमन विभाग के अधिकारीयों द्वारा कभी भी औचक निरीक्षण किया जा सकेगा एवं यदि कोई कमी अथवा यंत्र / उपकरण अकार्यशील पाए जाते है तो यह अभिशंषा पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी
नगर निगम अजमेर

Director
Mayo College, AJMER

Headmaster
Senior School
Mayo College, Ajmer (Raj.)